उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपकम)
U.P.POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
CIN:U32201UP1999SGC024928

संख्याः 2226–अ0प्र0–04 / पाकालि / 2018–9(79) / 98 दिनांकः दिसम्बर 10 ,2018

1. अपर पुलिस महानिरीक्षक (सतर्कता), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पाकालि, लखनऊ।
3. निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 पाकालि, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, विस्तार लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता, पावर मैनेजमेन्ट सेल, उ0प्र0 पाकालि, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता, नियोजन / पी0पी0ए0 / वाणिज्य / आर0ए0यू0 / कम्प्यूटराइजेशन यूनिट / रेस्पो / सी0एम0यू0डी0, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
7. मुख्य अभियन्ता, सामग्री–प्रबन्ध / पेंशन सेल / अनुरक्षण इकाई / ट्रस्ट उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
8. संयुक्त सचिव (मुख्यालय), उ0प्र0पाकालि, शक्ति भवन (मु0), लखनऊ।
9. अधीक्षण अभियन्ता (सम्बद्ध), मा0 ऊर्जा मंत्री कार्यालय, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
10. अधिशासी अभियन्ता (पेंशन सेल), उ0प्र0पाकालि, शक्ति भवन (मु0), लखनऊ।
11. अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0) / (आर0–ए0पी0डी0आर0पी0), शक्ति भवन, लखनऊ।
12. सचिव (ट्रस्ट), उ0प्र0पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ।

विषयः <u>सहायक अभियन्ताओं के कार्यभार–प्रमाणक उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में संज्ञानित कराना है कि कारपोरेशन मुख्यालय के अन्तर्गत उपसचिव (04) के कार्यालय द्वारा सहायक अभियन्ताओं के कॉमन कैडेर होने के दृष्टिगत उनकी पद्धारिता, रिक्तियों का आगणन एवं उनकी वर्तमान तैनाती से सम्बन्धित सूचनाओं / अभिलेखों का संकलन किया जाता रहा है। सहायक अभियन्ताओं की वर्तमान तैनाती की सही सूचना प्राप्त करने के लिये मुख्यालय स्तर पर कार्यभार प्रमाणक का विशेष महत्व है परन्तु प्रायः यह देखा गया है कि सम्बन्धित इकाईयों / कार्यालयों द्वारा कारपोरेशन मुख्यालय को सहायक अभियन्ताओं के कार्यभार प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं।

अतएव कार्यभार प्रमाणक की महत्ता के दृष्टिगत भविष्य में अपने अधीन कार्यरत समस्त सहायक अभियन्ताओं के प्रोन्नति, विनियमितीकरण, अतिरिक्ति कार्यभार, नियुक्ति, स्थानान्तरण एवं अवकाश आदि लेने की दशा में उनके कार्यभार प्रमाणक उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ को नैत्यिक कार्यों तथा अभिलेखों को अद्यतन (update) करने के प्रयोजनार्थ ससमय निम्नानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1. सहायक अभियन्ताओं से सम्बन्धित कार्यभार–प्रमाणक उपसचिव (04), उ0प्र0पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ को।
2. सहायक अभियन्ता (प्रशिक्षु) से सम्बन्धित कार्यभार–प्रमाणक उपसचिव (07), उ0प्र0पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ को।
3. सहायक अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता (प्रशिक्षु) दोनों से सम्बन्धित होने की दशा में कार्यभार–प्रमाणक उपसचिव (04) एवं उपसचिव (07) दोनों को ही पृष्ठांकित करने का कष्ट करें।

कृपया कार्यभार–प्रमाणक निर्गत करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि सहायक अभियन्ताओं से सम्बन्धित समस्त विवरण, विशेषकर उनकी अभिज्ञान संख्या / अनुक्रमांक, सम्प्रेक्षा संख्या, तैनाती इकाई एवं अन्य समस्त सूचनाएं अत्यन्त सावधानीपूर्वक अंकित कर दी गयी हैं।

उपरोक्त निगमीय कार्यों हेतु विशेष सहयोग कृपया अपेक्षित है।

भवदीय,

(हिमांशु वार्ष्णेय)
उपसचिव (04)